**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाए तब तक न खोलें ।**

# 2025

| |
|---|
| **Question Booklet Bar Code Serial No.** |
| **प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या** |
| 1157641 |

**कोड : TUKU-04**

**विषय : सामान्य अध्ययन एवं नागरिक शास्त्र**

**भाग – I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 40**

**भाग – II : नागरिक शास्त्र : प्रश्न संख्या 41 से 120**

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 300

| अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें | अंकों में → | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | शब्दों में | | | | | | | |

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करें । अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।

| अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|

आपको अपने सभी उत्तर **केवल ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक** पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक अन्तरीक्षक** को सौंप दें तथा अभ्यर्थी प्रति (नीली) अन्तरीक्षक से प्राप्त कर लें ।

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक और प्रश्न–पुस्तिका जिनकी बार कोड क्रम संख्या एकसमान है, सीलड पारदर्शी पॉलीथीन पैकेट के अन्दर एक साथ रखी है ।
2. **पारदर्शी सीलड पॉलीथीन पैकेट खोलने के तुरन्त बाद, पुन: जाँच करके देख लें कि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान हैं तथा सभी पृष्ठ भली–भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या एकसमान न हों या इसमें अन्य कोई विसंगति हो, तो इसे अन्तरीक्षक को वापस कर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लें ।**
3. अभ्यर्थी **प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की पुष्टि करने के उपरान्त** ही ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अपना सही अनुक्रमांक, विषय एवं विषय कोड निर्धारित स्थान पर अंकित करें, अन्यथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी ज़िम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
4. अनुक्रमांक के अलावा प्रश्न–पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें । रफ कार्य के लिए प्रश्न–पुस्तिका के अन्त में दिए गए दो पृष्ठों का प्रयोग करें ।
5. **इस प्रश्न–पुस्तिका में 120 प्रश्न हैं** । प्रत्येक प्रश्न के **चार (4)** वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले बॉल–प्वॉइंट पेन** से पूरा काला कर दें ।
6. इस प्रश्न–पुस्तिका में सभी प्रश्न अंग्रेज़ी व हिन्दी दोनों भाषाओं में मुद्रित हैं । द्विभाषी (अंग्रेज़ी/हिन्दी) में किसी भी प्रश्न में अस्पष्टता के मामले में प्रश्न का अंग्रेज़ी संस्करण प्रभावी होगा ।
7. **ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   **ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा ।**

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक–तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा ।

   (ii) यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा ।

   (iii) यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् अभ्यर्थी द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई **दण्ड नहीं** दिया जाएगा ।

**नोट : कृपया प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर मुद्रित बार कोड क्रम संख्या के एकसमान होने की जाँच कर ली जाए तथा बार कोड क्रम संख्या के एकसमान न होने की दशा में उसे बदलकर प्रश्न–पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की दूसरी सीलड पॉलीथीन पैकेट प्राप्त कर लिया जाए ।**

***Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Question Booklet.***

## Part – II / भाग – II

### Civics / नागरिक शास्त्र

41. Lahore Session of the Indian National Congress took place in which year ?
(a) 1930 (b) 1929
(c) 1931 (d) 1935

42. "To teach the theory of the state to men, who have not learned the first principles of sociology, is like teaching astronomy or thermodynamics to men who have not learned the Newtonian laws of motion." Whose statement is this ?
(a) Giddings (b) Sartori
(c) Michel (d) Bornesh

43. Which of the following is NOT a feature of Kautilya's six-fold principles pertaining to a King's foreign policy ?
(a) Sandhi (b) Aasan
(c) Kootniti (d) Yaan

44. Which of the following pairs is NOT correctly matched ?

| | State | | No. of members in Rajya Sabha |
|---|---|---|---|
| (a) | Sikkim | – | 01 |
| (b) | Assam | – | 07 |
| (c) | Chhattisgarh | – | 06 |
| (d) | Haryana | – | 05 |

45. Which of the following Act governs the organization and jurisdiction of the District Courts in India ?
(a) Code of Criminal Procedure (CRPC), 1973
(b) The Court Fees Act, 1870
(c) The Indian Courts Act, 1918
(d) Indian Penal Code (IPC), 1860

46. Consider the following statements based on Hobbes and Rousseau's theories.
1. Both thinkers believe that in the state of nature, humans come into conflict because of their natural powers.
2. Rousseau's conclusions support an absolutist State like Hobbes.
3. Both thinkers believe that individuals surrender natural rights and obey state.

Which of the above statement are correct ?
(a) 1 and 3 (b) 2 and 3
(c) 1, 2 and 3 (d) 1 and 2

41. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का लाहौर अधिवेशन किस वर्ष सम्पन्न हुआ ?
(a) 1930 (b) 1929
(c) 1931 (d) 1935

42. "उन लोगों को राज्य का सिद्धांत पढ़ाना जिन्होंने समाजशास्त्र के प्रथम सिद्धांतों को नहीं सीखा है, वैसा ही है जैसे उन लोगों को खगोल विज्ञान या उष्मागतिकी पढ़ाना जिन्होंने न्यूटन के गति के नियमों को नहीं सीखा है।" यह किसका कथन है ?
(a) गिडिंग्स (b) सार्टोरी
(c) मिशेल (d) बोर्नेश

43. निम्न में से कौन-सा कौटिल्य के राजा की विदेश नीति से सम्बन्धित छः सिद्धान्तों की विशेषता नहीं है ?
(a) सन्धि (b) आसन
(c) कूटनीति (d) यान

44. इनमें से कौन-सा जोड़ा सुमेलित नहीं है ?

| | राज्य | | राज्य सभा में सदस्यों की संख्या |
|---|---|---|---|
| (a) | सिक्किम | – | 01 |
| (b) | असम | – | 07 |
| (c) | छत्तीसगढ़ | – | 06 |
| (d) | हरियाणा | – | 05 |

45. निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम भारत में जिला न्यायालयों के संगठन और अधिकार क्षेत्र को नियंत्रित करता है ?
(a) दण्ड प्रक्रिया संहिता (सी.आर.पी.सी.), 1973
(b) कोर्ट फीस अधिनियम, 1870
(c) भारतीय न्यायालय अधिनियम, 1918
(d) भारतीय दण्ड संहिता (आई.पी.सी.), 1860

46. हॉब्स तथा रूसो के सिद्धान्तों पर आधारित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. दोनों विचारक मानते हैं कि प्राकृतिक अवस्था में मनुष्य अपनी प्राकृतिक शक्तियों के कारण संघर्ष में आ जाते हैं।
2. रूसो का निष्कर्ष हॉब्स की तरह निरंकुश राज्य का समर्थन करता है।
3. दोनों विचारक मानते हैं कि व्यक्ति प्राकृतिक अधिकारों को छोड़कर राज्य की आज्ञाओं का पालन करता है।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है ?
(a) 1 और 3 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 2

47. How many judges were taking part in the Constitution Bench of Supreme Court to declare the 99th Amendment Act unconstitutional ?

(a) 05 (b) 07
(c) 09 (d) 03

48. Consider the following statements regarding the working method of pressure groups.

1. Pressure groups try to influence public opinion mainly through newspapers and magazines.
2. Pressure groups directly contest elections to secure political power.
3. Pressure groups attempt to influence legislature by increasing their prestige and political influence.
4. Pressure groups may approach courts when required to protect their interest.

Which of the above statements are correct ?

(a) Only 2, 3 and 4 (b) Only 1, 3 and 4
(c) 1, 2, 3 and 4 (d) Only 1, 2 and 3

49. Who said, "The Parliamentary system intensifies the spirit of party and keeps it always on the boil" ?

(a) MacIver (b) Lord Bryce
(c) Lord Acton (d) Harold Laski

50. Which of the following option is correct in context of the commissions formation chronologically ?

1. NITI Aayog
2. National Commission for Protection of Child Rights
3. Central Information Commission
4. National Commission for Women

(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 4, 3, 2 (d) 4, 3, 2, 1

51. One of the main supporters of the Elitist theory of democracy is

(a) Mosca (b) Lenin
(c) MacIver (d) Hitler

52. Which of the following Country's Constitutions debar illiterates from voting rights ?

(a) Sri Lanka and Bangladesh
(b) Brazil and Chile
(c) Germany and Swaziland
(d) USA and Britain

47. सर्वोच्च न्यायालय के संविधान पीठ में 99 वाँ संशोधन अधिनियम को असंवैधानिक घोषित करने में कितने न्यायाधीश सम्मिलित थे ?

(a) 05 (b) 07
(c) 09 (d) 03

48. दबाव समूहों की कार्य प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. दबाव समूह मुख्यत: पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम में जनमत को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं ।
2. दबाव समूह राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने के लिए सीधे चुनावों में भाग लेते हैं ।
3. दबाव समूह अपनी प्रतिष्ठा और राजनीतिक हैसियत को बढ़ाकर विधायिका को प्रभावित करने का प्रयास करते हैं ।
4. आवश्यकता पड़ने पर दबाव समूह अपने हितों की रक्षा के लिए न्यायालयों का भी सहारा लेते हैं ।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही हैं ?

(a) केवल 2, 3 और 4 (b) केवल 1, 3 और 4
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

49. किसने कहा, ''संसदीय प्रणाली पार्टी की भावना को तीव्र करती है और इसे हमेशा उबाल पर रखती है'' ?

(a) मैकाइवर (b) लॉर्ड ब्राइस
(c) लॉर्ड एक्टन (d) हेराल्ड लास्की

50. इनमें से कौन-सा विकल्प आयोगों की स्थापना के संदर्भ में कालानुक्रम में व्यवस्थित है ?

1. नीति आयोग
2. बाल अधिकार संरक्षण के लिए राष्ट्रीय आयोग
3. केन्द्रीय सूचना आयोग
4. राष्ट्रीय महिला आयोग

(a) 1, 2, 4, 3 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 1, 4, 3, 2 (d) 4, 3, 2, 1

51. लोकतंत्र के अभिजात्य सिद्धांत के मुख्य समर्थकों में से एक है

(a) मोस्का (b) लेनिन
(c) मैकाइवर (d) हिटलर

52. निम्नलिखित में से किन-किन देशों का संविधान निरक्षरों को मताधिकार से वंचित करते हैं ?

(a) श्रीलंका और बांग्लादेश
(b) ब्राजील और चिली
(c) जर्मनी और स्वाजीलैंड
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन

53. The Supreme Court of India enunciated the doctrine of basic structure in which of the following case ?
(a) Sajjan Singh case
(b) Golaknath case
(c) Keshwanand Bharti case
(d) Shankari Prasad case

54. Match List – I with List – II and choose the correct answer using the code given below.

| List – I (Authors) | List – II (Book) |
|---|---|
| A. J. S. Mill | 1. The Constitution of Liberty |
| B. F. A. Hayek | 2. Natural Rights and History |
| C. L. T. Hobhouse | 3. Essay on liberty |
| D. Leo Strauss | 4. Liberalism |

**Code :**
(a) A – 3, B – 1, C – 4, D – 2
(b) A – 3, B – 2, C – 1, D – 4
(c) A – 1, B – 2, C – 3, D – 4
(d) A – 3, B – 1, C – 2, D – 4

55. Financial distribution between the Union and States takes place on the recommendations of
(a) NITI Aayog
(b) Finance Commission
(c) Inter State Council
(d) Sarkaria Commission

56. Consider the following statements regarding the Union Public Service Commission (UPSC).
1. The public service commission in India was first established under the government of India Act, 1935.
2. After independence, the Constitution provided that there shall be a public service commission for the Union and separate Public Service Commission for each state.
3. The recommendations of the UPSC are advisory in nature.

Which of the above statement(s) is/are correct ?
(a) Only 2 and 3 (b) Only 3
(c) 1, 2 and 3 (d) Only 1 and 2

53. भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने मूल ढांचे के सिद्धांत को निम्नांकित किस वाद के संदर्भ में प्रतिपादित किया ?
(a) सज्जन सिंह के मामले में
(b) गोलकनाथ के मामले में
(c) केशवानंद भारती के मामले में
(d) शंकरी प्रसाद के मामले में

54. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| सूची – I (लेखक) | सूची – II (किताब) |
|---|---|
| A. जे. एस. मिल | 1. द कॉन्स्टीट्यूशन ऑफ लिबर्टी |
| B. एफ. ए. हयाक | 2. नेचुरल राइट्स एण्ड हिस्ट्री |
| C. एल. टी. हॉबहाउस | 3. ऐसे ऑन लिबर्टी |
| D. लियो स्ट्रास | 4. लिबरालिज्म |

**कूट :**
(a) A – 3, B – 1, C – 4, D – 2
(b) A – 3, B – 2, C – 1, D – 4
(c) A – 1, B – 2, C – 3, D – 4
(d) A – 3, B – 1, C – 2, D – 4

55. राज्य और संघ के बीच वित्तीय विभाजन ________ की संस्तुतियों पर होता है ।
(a) नीति आयोग
(b) वित्त आयोग
(c) अन्तरराज्यीय परिषद्
(d) सरकारिया आयोग

56. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
1. भारत में पहली बार लोक सेवा आयोग का गठन भारत शासन अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत किया गया ।
2. स्वतन्त्रता उपरान्त संविधान में यह प्रावधान किया गया कि संघ के लिए एक लोक सेवा आयोग तथा प्रत्येक राज्य के लिए पृथक लोक सेवा आयोग होंगे ।
3. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की सिफारिशें केवल सलाहकारी प्रकृति की होती हैं ।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन/कथनों सही है/हैं ?
(a) केवल 2 और 3 (b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 2

57. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A)** : Political Science today is not confined merely to the study of State and Government but extends to all spheres of human and social life.
**Reason (R)** : Because areas like economic, social, cultural or religious involves the exercise of power and conflict of interest, which constitutes the essence of politics.
Select the correct answer using the code given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

58. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A)** : The Constitution of India has become the longest one.
**Reason (R)** : The chapters on Fundamental Rights has been borrowed from the American Constitution.
Choose the correct answer using the code given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

59. Rule of law envisages
1. Equality before law
2. Equality in the distribution of resources
3. Equal protection of law
4. Moral equality

Choose the right answer :
(a) 2 and 3 (b) 2 and 4
(c) 1 and 3 (d) 1 and 2

57. नीचे दो कथन दिये गये हैं एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** राजनीति विज्ञान आज केवल राज्य तथा सरकार के अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि मानव और सामाजिक जीवन के सभी क्षेत्रों तक विस्तृत है ।
**कारण (R) :** क्योंकि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक या धार्मिक जैसे क्षेत्र शक्ति के प्रयोग और हितों के संघर्ष से जुड़ा होता है, जो राजनीति का मूल तत्व है ।
नीचे दिए गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन करें :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(b) (A) सत्य है, परन्तु (R) गलत है
(c) (A) असत्य है, परन्तु (R) सही है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

58. नीचे दो कथन दिये गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** भारत का संविधान सबसे लम्बा संविधान है ।
**कारण (R) :** मौलिक अधिकारों के अध्याय को अमेरिकी संविधान से उधार लिया गया है ।
नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(b) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है
(c) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

59. विधि के शासन परिकल्पना करता है
1. विधि के समक्ष समानता
2. संसाधनों का समान वितरण
3. विधि का समान संरक्षण
4. नैतिक समानता

सही उत्तर को चिन्हित कीजिए :
(a) 2 और 3 (b) 2 और 4
(c) 1 और 3 (d) 1 और 2

60. Match the List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| List – I (Types of Group) | List – II (Name of Groups) |
|---|---|
| A. Institutional pressure groups | 1. Trade Unions |
| B. Associational pressure groups | 2. Caste Associations |
| C. Non-associational pressure groups | 3. Khalistan Liberation Force |
| D. Anomic pressure groups | 4. Bureaucracy |

Code :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

61. "For me Ahimsa comes before Swaraj", who said it ?
(a) Pt. Jawaharlal Nehru
(b) Bal Gangadhar Tilak
(c) Rabindranath Tagore
(d) Mahatma Gandhi

62. Match List – I with List – II and select the correct answer using the code given below.

| List – I | List – II |
|---|---|
| A. Jaipal Singh | 1. A nominee of the Congress in the Constituent Assembly |
| B. Durgabai Deshmukh | 2. Vice-Chairman of the Constituent Assembly |
| C. Baldev Singh | 3. Founder Chairperson of Central Social Welfare Board |
| D. H. C. Mookherjee | 4. Founder President of Adivasi Mahasabha |

Code :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

63. The Speaker of the Lok Sabha has to address his letter of resignation to the
(a) Deputy Speaker of Lok Sabha
(b) President of India
(c) Vice President of India
(d) Prime Minister of India

60. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (समूह के प्रकार) | सूची – II (समूहों के नाम) |
|---|---|
| A. संस्थानात्मक दबाव समूह | 1. श्रमिक संघ |
| B. सामुदायात्मक दबाव समूह | 2. जाति संघ |
| C. असामुदायक दबाव समूह | 3. खालिस्तान लिबरेशन फोर्स |
| D. अनियंत्रित दबाव समूह | 4. नौकरशाही |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

61. ''मेरे लिए अहिंसा स्वराज से पहले आता है'', किसने कहा था ?
(a) पं. जवाहरलाल नेहरू
(b) बाल गंगाधर तिलक
(c) रबिन्द्रनाथ टैगोर
(d) महात्मा गांधी

62. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. जयपाल सिंह | 1. संविधान सभा में कांग्रेस के नामांकित व्यक्ति |
| B. दुर्गाबाई देशमुख | 2. संविधान सभा के उपाध्यक्ष |
| C. बलदेव सिंह | 3. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड की संस्थापक अध्यक्ष |
| D. एच.सी. मुखर्जी | 4. आदिवासी महासभा के संस्थापक अध्यक्ष |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

63. लोकसभा का अध्यक्ष अपना त्यागपत्र को सम्बोधित करता है
(a) लोकसभा का उपाध्यक्ष
(b) भारत का राष्ट्रपति
(c) भारत का उपराष्ट्रपति
(d) भारत का प्रधानमंत्री

64. When did the Constituent Assembly of India first meet ?
(a) 9th December 1946
(b) 10th December 1946
(c) 11th December 1946
(d) 8th December 1946

65. On which idea, Rawls theory of distributive justice is based ?
(a) Desire (b) Equality
(c) Entitlement (d) Theory of distinction

66. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other as Reason (R).
**Assertion (A) :** The Supreme court of India has exclusive Jurisdiction regarding Constitutional validity of central laws.
**Reason (R) :** The Supreme Court is the Guardian of the Indian Constitution.
Select the correct answer from the codes given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

67. "The political parties keep a nation's mind alive as the rise and fall of the sweeping tide freshens the water of long ocean inlets." Whose statement is this ?
(a) Lowell (b) Bryce
(c) Laski (d) Bezhot

68. Different scholars see Indian Constitution's federal character in different way. Match their views about Indian federation with their names and select the correct answer.

| | |
|---|---|
| A. A Bargaining federation | 1. Ivor Jennings |
| B. India is a case suigeneris | 2. Granville Austin |
| C. Federalism with strong centralising tendency | 3. Alexandrowitcz |
| D. Co-operative Federalism | 4. Morris Jones |
| E. Extremely Federal | 5. Paul Appleby |

(a) A – 5, B – 2, C – 3, D – 4, E – 1
(b) A – 3, B – 2, C – 4, D – 5, E – 1
(c) A – 3, B – 5, C – 4, D – 1, E – 2
(d) A – 4, B – 3, C – 1, D – 2, E – 5

64. भारतीय संविधान सभा की पहली बैठक कब हुई ?
(a) 9 दिसम्बर 1946
(b) 10 दिसम्बर 1946
(c) 11 दिसम्बर 1946
(d) 8 दिसम्बर 1946

65. राल्स का वितरणात्मक न्याय का सिद्धान्त कौन-से विचार पर आधारित है ?
(a) इच्छा (b) समानता
(c) हकदारी (d) विभेद का सिद्धान्त

66. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पास केन्द्रीय कानूनों की संवैधानिक वैधता के सम्बन्ध में विशेष क्षेत्राधिकार है ।
**कारण (R) :** सर्वोच्च न्यायालय भारत के संविधान का संरक्षक है ।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिये :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है
(c) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

67. ''राजनीतिक दल राष्ट्र की चेतना को उसी तरह जीवित रखते हैं, जैसे ज्वार भाटे का उतार चढ़ाव लंबी समुद्री खाड़ी के पानी को ताजा करता रहता है ।'' यह कथन किसका है ?
(a) लॉवेल (b) ब्राइस
(c) लास्की (d) बेज्हाट

68. अलग-अलग विद्वानों की दृष्टि में भारतीय संविधान की संघीय प्रवृत्ति के बारे में अलग-अलग राय है । उनको उनके विचारों के साथ सुमेलित कर सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| | |
|---|---|
| A. एक सौदेबाजी संघ | 1. आइवर जेनिंग्स |
| B. भारत अपनी तरह का अलग मामला है | 2. ग्रानविले ऑस्टिन |
| C. प्रबल केंद्रीकरण प्रवृत्ति वाला संघवाद | 3. अलेक्सान्ड्रोविच |
| D. सहकारी संघवाद | 4. मोरिस जोन्स |
| E. अतिशय संघीय | 5. पॉल एप्पलबी |

(a) A – 5, B – 2, C – 3, D – 4, E – 1
(b) A – 3, B – 2, C – 4, D – 5, E – 1
(c) A – 3, B – 5, C – 4, D – 1, E – 2
(d) A – 4, B – 3, C – 1, D – 2, E – 5

69. Which of the following Article/s of the Indian Constitution can be amended through a simple majority in Parliament ?
(a) Article – 241 (b) Article – 3
(c) Article – 72 (d) Article – 54

70. Who first used the term 'State' ?
(a) Aristotle (b) Machiavelli
(c) Locke (d) Plato

71. Consider the following statements regarding the Speaker of the Lok Sabha.
1. If the Speaker wishes to resign, he/she must address the resignation to the President of India.
2. The Speaker of Lok Sabha can be removed by a resolution passed by a majority of all the then members of the Lok Sabha.
3. The Speaker of the Lok Sabha can be removed by a two third majority of all the then members of the Lok Sabha.
4. The Speaker holds office during the pleasure of the President.

Which of the above statement(s) is/are correct ?
(a) Only 2 (b) Both 3 and 4
(c) Both 1 and 2 (d) Only 1

72. Match the List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| List – I (Theory) | List – II (Objectives) |
|---|---|
| A. Liberal Theory | 1. The common good |
| B. Marxist Theory | 2. Self Interest |
| C. Communitarian Theory | 3. Women's Rights and interest |
| D. Feminist Theory | 4. Class Interest |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

73. When did Switzerland granted voting rights to women ?
(a) 7 February, 1971 (b) 11 March, 1972
(c) 23 April, 1974 (d) 5 January, 1970

69. भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद को संसद के साधारण बहुमत द्वारा संशोधन किया जा सकता है ?
(a) अनुच्छेद – 241 (b) अनुच्छेद – 3
(c) अनुच्छेद – 72 (d) अनुच्छेद – 54

70. 'राज्य' शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया था ?
(a) अरस्तू (b) मैक्यावेली
(c) लॉक (d) प्लेटो

71. लोकसभा अध्यक्ष के सम्बंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
1. यदि लोकसभा अध्यक्ष त्याग पत्र देना चाहे तो अपना त्याग पत्र राष्ट्रपति को सम्बोधित करना होता है ।
2. लोकसभा अध्यक्ष को लोकसभा के तत्कालीन समस्त सदस्यों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा हटाया जा सकता है ।
3. लोकसभा अध्यक्ष को लोकसभा के तत्कालीन सभी सदस्यों के दो तिहाई बहुमत से पारित संकल्प द्वारा हटाया जा सकता है ।
4. लोकसभा अध्यक्ष राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यन्त पद पर बने रहते हैं ।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सत्य है/हैं ?
(a) केवल 2 (b) 3 और 4 दोनों
(c) 1 और 2 दोनों (d) केवल 1

72. सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (सिद्धांत) | सूची – II (उद्देश्य) |
|---|---|
| A. उदारवादी सिद्धांत | 1. सामान्य हित |
| B. मार्क्सवादी सिद्धांत | 2. स्व हित |
| C. समुदायवादी सिद्धांत | 3. महिलाओं के अधिकार और हित |
| D. नारीवादी सिद्धांत | 4. वर्ग हित |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 4 | 1 | 3 |

73. स्विटजरलैण्ड ने महिलाओं को मताधिकार कब दिया ?
(a) 7 फरवरी, 1971 (b) 11 मार्च, 1972
(c) 23 अप्रैल, 1974 (d) 5 जनवरी, 1970

74. Which of the following statements is/are correct with reference to Panchayati Raj ?
1. A new chapter 9 is added to the Constitution by the 73rd Amendment.
2. Article 243(c) for three tier Panchayati Raj.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(a) Both 1 and 2 (b) Only 2
(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 1

75. Constitutional Government means
(a) Unlimited Government
(b) Government according to the Constitution
(c) Government by the consent of the people
(d) Representative Government

76. Which Article of the Indian Constitution deals with repealing of Indian Independence Act, 1947 and the Government of India Act, 1935 ?
(a) Article 382 (b) Article 395
(c) Article 393 (d) Article 387

77. Who among the following is the author of 'The Spirit of Laws' ?
(a) Montesquie (b) Laski
(c) Garner (d) Cicero

78. Which form of Citizenship is related to Maastricht Treaty 1992 and Amsterdam Treaty 1997 ?
(a) Dual Citizenship
(b) Multi Citizenship
(c) Global Citizenship
(d) Single Citizenship

79. Consider the following statements regarding the Supreme Court of India.
1. The tenure of the judges of the Supreme Court is fixed as 6 years or until the age of 65 years whichever is earlier.
2. The Supreme Court may frame rules regarding its procedure and conduct of business after approval from the President.

Select the correct answer using the codes given below :

**Code :**

(a) Only 2 (b) Both 1 and 2
(c) Neither 1 nor 2 (d) Only 1

74. पंचायती राज के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?
1. संविधान के 73 वें संशोधन द्वारा संविधान में नया अध्याय 9 जोड़ा गया है ।
2. त्रिस्तरीय पंचायती राज के लिए अनुच्छेद 243(ग) ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 1 और 2 दोनों (b) केवल 2
(c) न तो 1 न ही 2 (d) केवल 1

75. सांविधानिक सरकार का अर्थ है
(a) असीमित सरकार
(b) संविधान के अनुसार सरकार
(c) जन सहमति की सरकार
(d) प्रतिनिधि सरकार

76. भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद भारतीय स्वतन्त्रता अधिनियम, 1947 तथा भारत सरकार अधिनियम, 1935 के निरसन की चर्चा करता है ?
(a) अनुच्छेद 382 (b) अनुच्छेद 395
(c) अनुच्छेद 393 (d) अनुच्छेद 387

77. निम्नलिखित में से कौन 'द स्पिरिट ऑफ लॉज' का लेखक है ?
(a) मॉन्टेस्क्यू (b) लास्की
(c) गार्नर (d) सिसरो

78. 1992 की मास्ट्रिच सन्धि एवं 1997 की ऐम्सटर्डम सन्धि नागरिकता के कौन-से रूप से सम्बन्धित है ?
(a) दोहरी नागरिकता
(b) बहुल नागरिकता
(c) वैश्विक नागरिकता
(d) इकहरी नागरिकता

79. भारत के उच्चतम न्यायालय के सम्बंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
1. संविधान में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक जो भी पहले हो, निर्धारित किया गया है ।
2. उच्चतम न्यायालय राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद अपनी प्रक्रिया और संचालन के लिए नियम बना सकता है ।

नीचे दिये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(a) केवल 2 (b) 1 और 2 दोनों
(c) न तो 1 न ही 2 (d) केवल 1

80. The vesting of residual powers under the Indian Constitution follow the precedent of
(a) Canada
(b) Australia
(c) Government of India Act, 1935
(d) United States of America

81. Who among the following observed that from the ancient world to the present day, citizenship has meant a reciprocal relationship between the individual and the community ?
(a) Leacock (b) David Held
(c) Jellinek (d) Michael Stuart

82. Which Constitutional Amendment Act has made provision for reservation to S.C., S.T. and Socially and educationally Backward Students in all Educational Institutions except those for minorities ?
(a) $92^{nd}$ Constitutional Amendment Act
(b) $93^{rd}$ Constitutional Amendment Act
(c) $77^{th}$ Constitutional Amendment Act
(d) $76^{th}$ Constitutional Amendment Act

83. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).
**Assertion (A) :** The U. P. legislature can pass laws even on subject of the concurrent list.
**Reason (R) :** Such laws automatically override the central laws on the same subject.
Select the correct answer using the code given below :
**Code :**
(a) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

84. What were the main recommendations of the Balwant Rai Mehta Committee report 1957 ?
1. Establishment of a three tier Panchayati Raj system.
2. The Zila Parishad Chairman to be nominated by the State Government.
3. The Gram panchayat to be formed through direct elections.
4. These democratic bodies should be given real powers and responsibilities.
(a) Only 1, 3 and 4 (b) Only 2 and 4
(c) Only 1 and 4 (d) Only 1, 2 and 3

80. भारतीय संविधान में अवशिष्ट शक्तियाँ प्रदान करने के लिए ________ को नज़ीर माना गया है ।
(a) कनाडा
(b) आस्ट्रेलिया
(c) भारत सरकार अधिनियम, 1935
(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

81. निम्न में से किसने कहा कि प्राचीन काल से लेकर आज तक, नागरिकता का अर्थ व्यक्ति और समुदाय के बीच पारस्परिक सम्बन्ध रहा है ?
(a) लीकॉक (b) डेविड हेल्ड
(c) जेलीनेक (d) माईकल स्टुअर्ट

82. किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा अल्पसंख्यकों के संस्थानों को छोड़कर अन्य सभी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े छात्रों को आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है ?
(a) 92 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(b) 93 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(c) 77 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम
(d) 76 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम

83. नीचे दो कथन दिए गए हैं जिसमें एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।
**अभिकथन (A) :** उ. प्र. का विधान मण्डल समवर्ती सूची के विषयों पर भी कानून बना सकता है ।
**कारण (R) :** ऐसे कानून अपने आप केन्द्र के उसी विषय पर बने कानूनों को निरस्त कर देते हैं ।
नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए :
**कूट :**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है
(c) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है
(d) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है

84. बलवन्त राय मेहता समिति 1957 की रिपोर्ट की मुख्य सिफारिशें कौन-कौन-सी थी ?
1. त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की स्थापना ।
2. जिला परिषद का अध्यक्ष राज्य सरकार द्वारा नामित किया जाना ।
3. ग्राम पंचायतों का गठन प्रत्यक्ष चुनावों द्वारा ।
4. इन लोकतान्त्रिक संस्थानों को वास्तविक शक्तियाँ और उत्तरदायित्व प्रदान किया जाना ।
(a) केवल 1, 3 और 4 (b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) केवल 1, 2 और 3

85. Which of the following is NOT a work of Mahatma Gandhi ?
(a) Satyagraha (b) Sarvodaya
(c) Holy Family (d) Ethical Religion

86. Which of these functions that individualist want to keep out from their State ?
1. Education, industry
2. Settlement of disputes
3. Regulation of currency
4. Means of communication
5. Public health
6. Defence, law and order
Select the correct answer from the code given below :
Code :
(a) 3, 4 and 5 (b) 1 and 5
(c) 1 and 2 (d) 1, 2, 3 and 6

87. Consider the following statements regarding political parties.
1. Political parties are more or less organised group of citizens who work together as a political unit.
2. They keep similar views on public issues.
3. Seek to gain control of the government by exercising their right to vote in favour of common goals.
4. Believes in violence to capture the power.
Which of the above statements are correct ?
(a) Only 1 and 2 (b) Only 1, 2 and 3
(c) 1, 2, 3 and 4 (d) Only 1

88. 11th Schedule was added to the Indian Constitution by which Amendment Act ?
(a) 74th Amendment Act
(b) 73rd Amendment Act
(c) 42nd Amendment Act
(d) 61st Amendment Act

89. "The authoritative allocation of values is a minimum pre-requisite of any society." Who among the following made this statement ?
(a) David Apter (b) David Easton
(c) Lord Brice (d) Herman Finer

90. 'Writs' can be issued for the enforcement of Fundamental Rights by
(a) The High Courts only
(b) Both the Supreme Court and High Courts
(c) The District Courts
(d) The Supreme Court only

85. निम्न में से कौन-सी रचना महात्मा गाँधी की **नहीं** है ?
(a) सत्याग्रह (b) सर्वोदय
(c) होली फैमिली (d) एथिकल रिलिजन

86. इनमें से कौन-कौन-से कार्य व्यक्तिवादी अपने राज्य से बाहर रखना चाहते हैं ?
1. शिक्षा, उद्योग
2. विवादों का समाधान
3. मुद्रा का विनियमन
4. संचार के साधन
5. लोक स्वास्थ्य
6. सुरक्षा, कानून एवं व्यवस्था
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिये :
कूट :
(a) 3, 4 और 5 (b) 1 और 5
(c) 1 और 2 (d) 1, 2, 3 और 6

87. राजनीतिक दलों के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
1. राजनीतिक दल न्यूनाधिक रूप से नागरिकों का संगठित समूह है जो राजनीतिक इकाई के रूप में मिलकर काम करते हैं ।
2. वे सार्वजनिक समस्याओं पर समान विचार रखते हैं ।
3. समान लक्ष्य के पक्ष में अपने मताधिकार का प्रयोग करके शासन पर नियंत्रण प्राप्त करना चाहते हैं ।
4. सत्ता को प्राप्त करने के लिये हिंसा में विश्वास करते हैं ।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही हैं ?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) 1, 2, 3 और 4 (d) केवल 1

88. 11 वीं अनुसूची भारतीय संविधान में किस संशोधन अधिनियम के द्वारा जोड़ी गई थी ?
(a) 74 वां संशोधन अधिनियम
(b) 73 वां संशोधन अधिनियम
(c) 42 वां संशोधन अधिनियम
(d) 61 वां संशोधन अधिनियम

89. ''मूल्यों का आधिकारिक बंटवारा किसी समाज की एक न्यूनतम पूर्वशर्त है ।'' यह कथन निम्न में से किसका है ?
(a) डेविड ऐप्टर (b) डेविड ईस्टन
(c) लॉर्ड ब्राइस (d) हरमन फाइनर

90. मूल अधिकारों को प्रवर्तित करने के लिए 'रिट' (के द्वारा) जारी किया जा सकता है
(a) केवल उच्च न्यायालयों
(b) उच्चतम और उच्च न्यायालयों दोनों
(c) जिला न्यायालयों
(d) केवल उच्चतम न्यायालय

91. Who says that, in a class divided society, political and civil liberty is meaningless ?
(a) Marxists (b) Utilitarians
(c) Sophists (d) Idealists

92. Which of the following methods the pressure groups do NOT adopt ?
(a) Contesting elections (b) Propaganda
(c) Lobbying (d) Seminars

93. Which of the following is the first State of India who formed on the basis of language ?
(a) Maharashtra (b) Punjab
(c) Andhra Pradesh (d) Gujarat

94. Select the correct answer matching List – I and List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| A. State as a Juristic Entity | 1. Locke |
| B. State as an organism | 2. Duguit |
| C. State as a machine | 3. Hegel |
| D. State as a class | 4. Marx |

(a) A – 3, B – 2, C – 4, D – 1
(b) A – 1, B – 2, C – 3, D – 4
(c) A – 4, B – 3, C – 2, D – 1
(d) A – 2, B – 3, C – 1, D – 4

95. Consider the following statements :
After enactment of 73rd Amendment there should be decentralisation of
1. Decision-making powers
2. System as a whole
3. Judicial powers
4. Administrative powers
Which of the above statements is/are correct ?
(a) Only 1, 2 and 3
(b) Only 1, 2 and 4
(c) None of the above
(d) Only 2, 3 and 4

96. Consider the following statements regarding the Uttar Pradesh legislative council :
1. The total strength of the Uttar Pradesh legislative Council is 100.
2. To become a member of the legislative council, a person must be atleast 35 years of age.
3. All members of legislative council are directly elected by the people.
4. The number of nominated members in the legislative council can not exceed by twelve.
Which of the above statements is/are correct ?
(a) Only 1 and 2 (b) Only 1, 2 and 4
(c) Only 2 and 4 (d) Only 1

91. कौन कहता है कि वर्ग विभाजित समाज में राजनीतिक और नागरिक स्वतंत्रता निरर्थक है ?
(a) मार्क्सवादी (b) उपयोगितावादी
(c) सोफिस्ट (d) आदर्शवादी

92. दबाव समूह निम्न में से कौन-सा तरीका नहीं अपनाते हैं ?
(a) चुनाव लड़ना (b) प्रचार
(c) लॉबिंग (d) संगोष्ठि

93. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का पहला राज्य है, जो भाषाओं के आधार पर बना है ?
(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) आन्ध्रप्रदेश (d) गुजरात

94. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करते हुए सही उत्तर को चुनें ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. राज्य एक न्यायिक इकाई के रूप में | 1. लॉक |
| B. राज्य एक जीव के रूप में | 2. डुग्वी |
| C. राज्य एक मशीन के रूप में | 3. हेगेल |
| D. राज्य एक वर्ग के रूप में | 4. मार्क्स |

(a) A – 3, B – 2, C – 4, D – 1
(b) A – 1, B – 2, C – 3, D – 4
(c) A – 4, B – 3, C – 2, D – 1
(d) A – 2, B – 3, C – 1, D – 4

95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
73 वें संशोधन के अधिनियमित होने के बाद विकेन्द्रीकरण होना चाहिए
1. निर्णय लेने की शक्ति का
2. सम्पूर्ण प्रणाली का
3. न्यायिक शक्तियों का
4. प्रशासनिक शक्तियों का
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(d) केवल 2, 3 और 4

96. उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए :
1. उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कुल सदस्य संख्या 100 है ।
2. विधान परिषद का सदस्य बनने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 35 वर्ष का होना चाहिए ।
3. विधान परिषद के सभी सदस्य जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं ।
4. विधान परिषद में नामित होने वाले सदस्यों की संख्या 12 से अधिक नहीं हो सकती ।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सत्य है/हैं ?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 2 और 4 (d) केवल 1

97. Who is the author of the book 'Political Science and Government' ?
(a) R. G. Gettle (b) J. W. Garner
(c) C. H. Page (d) David Easton

98. The words 'Secular' and 'Socialist' were added to the preamble to the Indian Constitution by the
(a) 41st Amendment (b) 42nd Amendment
(c) 44th Amendment (d) 39th Amendment

99. According to Kautilya a group of how many states is called Rajya Mandala ?
(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 8

100. Who resolves conflicts between Union and State laws ?
(a) The Supreme Court of India
(b) The NITI Aayog
(c) The Parliament
(d) The Prime Minister

101. Which of the following statements is/are correct regarding organic theory of State ?
1. People have rights against the state.
2. It ignores the distinction between the state and society.
3. Man can have no rights against the state.
4. It leaves no safeguard for man's liberty.

The correct answer is :
(a) Only 2 and 3 are correct
(b) Only 3 and 4 are correct
(c) Only 1 is correct
(d) Only 1 and 2 are correct

102. Recently, the Supreme Court of India has recognized the right to be free from the adverse effects of climate change as a fundamental right, in its judgement. This right has been derived from which Articles of the Indian Constitution ?
(a) Article 14 and Article 19
(b) Article 19 and Article 21
(c) Article 14 and Article 21
(d) Article 14, Article 19 and Article 21

103. Hobbes referred to which concept as 'license' or 'doing as one likes' ?
(a) Natural Rights (b) Leviathan
(c) To king (d) Liberty

97. 'पोलिटिकल साइंस एण्ड गवर्नमेंट' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(a) आर. जी. गेटल (b) जे. डब्ल्यू. गार्नर
(c) सी. एच. पेज (d) डेविड ईस्टन

98. भारतीय संविधान की प्रस्तावना में 'पंथनिरपेक्ष' तथा 'समाजवादी' शब्द (के द्वारा) जोड़े गए
(a) 41 वें संशोधन द्वारा (b) 42 वें संशोधन द्वारा
(c) 44 वें संशोधन द्वारा (d) 39 वे संशोधन द्वारा

99. कौटिल्य के अनुसार कितने राज्यों का समूह राज्य मण्डल कहलाता है ?
(a) 10 (b) 12
(c) 14 (d) 8

100. संघ और राज्य कानूनों के बीच विवादों का निपटारा किसके द्वारा किया जाता है ?
(a) भारत का सर्वोच्च न्यायालय
(b) नीति आयोग
(c) संसद
(d) प्रधानमंत्री

101. राज्य के सावयव सिद्धान्त के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा/से कथन सही हैं ?
1. लोगों को राज्य के विरुद्ध अधिकार है ।
2. यह राज्य तथा समाज के मध्य अन्तर की उपेक्षा करता है ।
3. व्यक्ति को राज्य के विरुद्ध कोई अधिकार नहीं होते हैं ।
4. यह व्यक्ति की स्वतन्त्रता के लिए कोई सुरक्षा नहीं छोड़ता है ।

सही उत्तर है :
(a) केवल 2 और 3 सही हैं
(b) केवल 3 और 4 सही हैं
(c) केवल 1 सही है
(d) केवल 1 और 2 सही हैं

102. भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने हाल के एक निर्णय में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से स्वतंत्रता को एक मौलिक अधिकार माना है । यह अधिकार भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों से नि:सृत होता है ?
(a) अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 19
(b) अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 21
(c) अनुच्छेद 14 और अनुच्छेद 21
(d) अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 19 और अनुच्छेद 21

103. हॉब्स ने किस अवधारणा को 'स्वच्छंदता' अथवा 'जो चाहो सो करो' के रूप में वर्णित किया है ?
(a) प्राकृतिक अधिकार (b) लेवियाथन
(c) राजा को (d) स्वतन्त्रता

104. The Governor of State in India in the case of sentence of death has no power to
(a) Remit the sentence
(b) Pardon
(c) Commute the sentence
(d) Suspend the sentence

105. Who said "Political power flows from the barrel of a gun" ?
(a) Hitler (b) Mussolini
(c) Bismarck (d) Mao Zedong

106. Which Article of the Indian Constitution mentions the Uniform Civil Code ?
(a) Article 43 (b) Article 44
(c) Article 45 (d) Article 42

107. Public opinion means
(a) Unanimous opinion of all citizens
(b) Opinion of important groups of citizens
(c) Opinion of majority of citizens
(d) Opinion of effective majority based on reason and common good

108. Article 66 of the Constitution states that the Vice-President of India shall be elected by
(a) All members of Rajya Sabha and Lok Sabha
(b) Only elected members of Rajya Sabha and Lok Sabha
(c) Members of both the Houses of Parliament and all State Legislative Assemblies
(d) The members of Rajya Sabha only

109. Who said that "Behind the political sovereign there is another sovereign to whom the legal sovereign must bow" ?
(a) R. N. Gilchrist (b) Gettell
(c) James Bryce (d) A. V. Dicey

110. "Unfortunately politics is a subject in which every person considers himself an expert, whether he has studied it at least a little or not." Whose statement is this ?
(a) Herbert J. Spiro (b) Jellinek
(c) Lowell (d) J. H. Price

111. 'The passion of equality made vain the hope for liberty'. Who has made this statement ?
(a) Green (b) Lowell
(c) Lord Acton (d) Aristotle

104. भारत में राज्यों के राज्यपाल को मृत्युदंड के मामले में ________ का अधिकार प्राप्त नहीं है ।
(a) सजा से छूट देना
(b) क्षमा करना
(c) सजा को बदलना
(d) सजा को स्थगित करना

105. किसने कहा था कि ''राजनीतिक सत्ता बन्दूक की नली में से निकलती है'' ?
(a) हिटलर (b) मुसोलिनी
(c) बिस्मार्क (d) माओ से तुंग

106. भारतीय संविधान का कौन–सा अनुच्छेद समान नागरिक संहिता का उल्लेख करता है ?
(a) अनुच्छेद 43 (b) अनुच्छेद 44
(c) अनुच्छेद 45 (d) अनुच्छेद 42

107. लोकमत का अर्थ है
(a) सभी नागरिकों का एकमत राय
(b) नागरिकों के महत्वपूर्ण समूहों के विचार
(c) नागरिकों के बहुमत के विचार
(d) विवेक और सामान्य हित पर आधारित प्रभावी बहुमत के विचार

108. संविधान का अनुच्छेद 66 कहता है कि भारत के उप–राष्ट्रपति का चुनाव किया जायेगा
(a) राज्य सभा तथा लोक सभा के सभी सदस्यों द्वारा
(b) राज्य सभा तथा लोक सभा के केवल निर्वाचित सदस्यों द्वारा
(c) संसद के दोनों सदनों तथा सभी राज्य विधान सभाओं के सदस्यों द्वारा
(d) केवल राज्य सभा के सदस्यों द्वारा

109. किसने कहा है कि ''राजनीतिक संप्रभु के पीछे एक और संप्रभु है जिसके समक्ष कानूनी संप्रभु को नतमस्तक होना पड़ता है'' ?
(a) आर. एन. गिलक्राइस्ट (b) गेटेल
(c) जेम्स ब्राइस (d) ए.वी. डायसी

110. ''दुर्भाग्यवश राजनीति एक ऐसा विषय है जिस पर हर व्यक्ति अपने को विशेषज्ञ मानता है, भले ही उसने इसका क्रमबद्ध अध्ययन किया हो या नहीं ।'' यह किसका कथन है ?
(a) हर्बर्ट जे. स्पाइरो (b) जेलीनेक
(c) लॉवेल (d) जे. एच. प्राइस

111. 'समानता की उत्कट अभिलाषा ने स्वतंत्रता की आशा को व्यर्थ बना दिया' । यह कथन किसका है ?
(a) ग्रीन (b) लॉवेल
(c) लॉर्ड एक्टन (d) अरस्तू

112. Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other as Reason (R).

**Assertion (A)** : Wavell Plan of 1945 proposed equal participation of Hindu and Muslim members in the Executive Council of the Viceroy.

**Reason (R)** : Wavell thought that this arrangement would have avoided the partition of India.

Select the right answer :

(a) (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)
(b) (A) is true, but (R) is false
(c) (A) is false, but (R) is true
(d) (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

113. Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below.

| List – I (Rights) | List – II (Political Order) |
|---|---|
| A. Natural Rights | 1. Constitutional Government |
| B. Civil Rights | 2. Democratic State |
| C. Political Rights | 3. Welfare State |
| D. Socio-Economic Rights | 4. Night Watchman State |

**Code :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

114. How many time did it take to frame the Constitution of India ?

(a) 3 years 6 months 10 days
(b) 2 years 11 months 18 days
(c) 4 years 01 month 05 days
(d) 2 years 7 months 11 days

115. What is the current security amount and number of proposers for a President Candidate in India ?

(a) Rs. 15,000 security amount and 40 proposers
(b) Rs. 15,000 security amount and 50 proposers
(c) Rs. 10,000 security amount and 50 proposers
(d) Rs. 10,000 security amount and 10 proposers

116. "A citizen is one who has a share in the government of the State and is entitled to enjoy its honour." Who said ?

(a) Vattal (b) Laski
(c) Seile (d) Aristotle

112. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है ।

**अभिकथन (A)** : 1945 के वेवेल योजना में वायसराय के कार्य परिषद में हिन्दू और मुसलमानों को समान भागीदारी देने की बात प्रस्तावित की गई ।

**कारण (R)** : वेवेल ने सोचा था कि इस व्यवस्था से भारत का विभाजन टल जाता ।

निम्नलिखित में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) (A) और (R) सत्य हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(b) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है
(c) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है
(d) (A) और (R) सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है

113. सूची – I को सूची – II से मिलान कीजिये और नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये ।

| सूची – I (अधिकार) | सूची – II (राजनीतिक व्यवस्था) |
|---|---|
| A. प्राकृतिक अधिकार | 1. संवैधानिक सरकार |
| B. नागरिक अधिकार | 2. प्रजातान्त्रिक राज्य |
| C. राजनैतिक अधिकार | 3. कल्याणकारी राज्य |
| D. सामाजिक-आर्थिक अधिकार | 4. रात्रि प्रहरी राज्य |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

114. भारतीय संविधान को बनाने में कितना समय लगा ?

(a) 3 वर्ष 6 माह 10 दिन
(b) 2 वर्ष 11 माह 18 दिन
(c) 4 वर्ष 01 माह 05 दिन
(d) 2 वर्ष 7 माह 11 दिन

115. भारत में राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के लिए जमानत राशि एवं अनुमोदकों की संख्या वर्तमान समय में कितनी है ?

(a) रु. 15,000 जमानत राशि एवं 40 अनुमोदक
(b) रु. 15,000 जमानत राशि एवं 50 अनुमोदक
(c) रु. 10,000 जमानत राशि एवं 50 अनुमोदक
(d) रु. 10,000 जमानत राशि एवं 10 अनुमोदक

116. ''नागरिक वह है जिसे राज्य की सरकार में हिस्सेदारी प्राप्त हो और जो उसके सम्मान का आनंद लेने का हकदार हो ।'' किसने कहा ?

(a) वाटल (b) लास्की
(c) सीले (d) अरस्तू

117. Match List – I with List – II and select the correct answer for the tenure given in the List of Chief Justices of the Supreme Court.

| List – I | List – II |
|---|---|
| A. Deepak Mishra | 1. 27.8.2022 – 08.11.2022 |
| B. U.U. Lalit | 2. 28.08.2017 – 02.10.2018 |
| C. D.Y. Chandrachud | 3. 18.11.2019 – 23.04.2021 |
| D. Sharad Arvind Bobde | 4. 09.11.2022 – 10.11.2024 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

118. What is the correct chronological order of the following events ?
1. French Revolution
2. War of American Independence
3. Magnacarta
4. The Glorious Revolution

(a) 4, 3, 1, 2 (b) 3, 4, 2, 1
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 1, 2

119. Who said that "caste plays a major role in State and Local politics but it is marginal at the all India level" ?
(a) Morris Jones (b) Rajani Kothari
(c) J.C. Johari (d) Michael Brecher

120. Consider the following statements regarding the Constitution (106$^{th}$ Amendment) Act, 2023.
1. It provides 33% reservation for women in the Lok Sabha and State Legislative Assemblies.
2. This Amendment is known as Nari Shakti Vandan Act.
3. This provision came into effect from 2024 Lok Sabha Election.
4. Reservation provisions are upto for 15 years only.

Which of the above statements is/are correct ?
(a) Only 1, 2 and 4 (b) Only 2, 3 and 4
(c) Only 3 (d) Only 1 and 2

117. सूची – I और सूची – II को सुमेलित कीजिए तथा उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों की सूची में दिए गए कार्यकाल का सही उत्तर चयन कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| A. दीपक मिश्रा | 1. 27.8.2022 – 08.11.2022 |
| B. यू.यू. ललित | 2. 28.08.2017 – 02.10.2018 |
| C. डी.वाई. चन्द्रचूड | 3. 18.11.2019 – 23.04.2021 |
| D. शरद अरविन्द बोबडे | 4. 09.11.2022 – 10.11.2024 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

118. निम्नलिखित घटनाओं का सही कालानुक्रम क्या है ?
1. फ्रांसीसी क्रान्ति
2. अमेरिकी स्वतंत्रता का युद्ध
3. मैग्नाकार्टा
4. गौरवपूर्ण क्रान्ति

(a) 4, 3, 1, 2 (b) 3, 4, 2, 1
(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 1, 2

119. किसने कहा है कि ''जाति की भूमिका राष्ट्रीय स्तर की राजनीति पर उतनी नहीं है जितनी स्थानीय और राज्य राजनीति पर है'' ?
(a) मोरिस जोन्स (b) रजनी कोठारी
(c) जे. सी. जौहरी (d) माइकल ब्रेचर

120. संविधान के (106 वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023 से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिए ।
1. इस संशोधन द्वारा लोक सभा तथा राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण प्रदान किया गया ।
2. इस संशोधन को नारी शक्ति वन्दन अधिनियम के नाम से जाना जाता है ।
3. यह प्रावधान लोक सभा चुनाव 2024 से लागू हो गया है ।
4. यह आरक्षण प्रावधान 15 वर्ष की अवधि के लिए लागू किया गया है ।

उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है/हैं ?
(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 3 (d) केवल 1 और 2